भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1227
उत्तर देने की तारीख 08 दिसंबर, 2025
17 अग्रहायण, 1947 (शक)

मणिपुर में खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत अवसंरचना परियोजना

1227. डॉ. अंगोमचा बिमोल अकोइजम:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मणिपुर राज्य में खेलो इंडिया योजना (केआईएस) के अंतर्गत संस्वीकृत की गई सभी अवसंरचनागत परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है और प्रत्येक परियोजना के नाम और स्थान का ब्यौरा क्या है;

(ख) ऐसी प्रत्येक परियोजना के लिए अब तक कुल कितनी निधि संस्वीकृत और जारी की गई है; और

(ग) प्रत्येक परियोजना की वर्तमान स्थिति और पूरा होने की अपेक्षित समय-सीमा क्या है और इसमें हुए विलंब के कारण, यदि कोई हों, क्या हैं?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) से (ग) : मणिपुर राज्य सहित देशभर में खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत अनुमोदित खेल अवसंरचना परियोजनाएं तथा उनकी स्वीकृत लागत जारी की गई धनराशि तथा उनकी वास्तविक और वित्तीय प्रगति का ब्यौरा मंत्रालय के डैशबोर्ड https://mdsd.kheloindia.gov.in पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है। इस स्कीम के तहत संस्वीकृत अवसंरचना परियोजनाओं के पूरा होने की समय सीमा उनकी स्वीकृति की तारीख से दो वर्ष है। इन परियोजनाओं को पूरा करने का उत्तरदायित्व अनुदान प्राप्तकर्ता का होता है।

*****